**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 21.03.2025 समय : 1850

- सतत भविष्य के लिए वनों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है।
- स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा – भारत में टीबी के मामलों में वैश्विक दर की तुलना में दोगुनी से अधिक कमी।
- श्री विजयपुरम में स्कूल प्रमुखों, स्वास्थ्य एम्बेसेडरों और स्वास्थ्य दूतों के लिए वकालत कार्यक्रम आयोजित।
- सामुदायिक विकास के लिए स्वयं सहायता समूहों और पंचायती राज संस्थाओं के बीच तालमेल बनाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।

**<><><><><><><>**

आज अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है "वन और भोजन"। इस वर्ष का विषय वनों और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के बीच महत्वपूर्ण संबंध पर बल देता है। आकाशवाणी से खास बातचीत में अवकाश प्राप्त प्रभागीय वन अधिकारी भानुप्रताप यादव ने वनों के महत्व के बारे में जानकारी दी।

**<><><><><><><>**

विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस आज मनाया जा रहा है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष विश्व भर में मनाया जाने वाला एक कार्यक्रम है। यह दिवस डाउन सिंड्रोम से ग्रस्त व्यक्ति को सशक्त सामुदायिक नेटवर्क, बेहतर देखरेख संबंधी सहायता, समावेशी शिक्षा, कार्यस्थल समावेशन और उन्नत स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता को दर्शाता है। विश्व डाउन सिंड्रोंम दिवस दो हजार पच्चीस की थीम इम्प्रूव ऑवर सपोर्ट सिस्टम्स है। इस वर्ष इस बात को सुनिश्चित किया जा रहा है कि डाउन सिंड्रोंम से पीड़ित व्यक्ति स्वायत्ता, सम्मान और अपनी पसन्द का जीवन जीने योग्य है। डाउन सिंड्रोम न्यूरो विकास संबंधी एक डिसऑर्डर है।

**<><><><><><><>**

सरकार ने कहा है कि भारत इस वर्ष टी बी मुक्त राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। देश में टी बी के मामले दो हजार पन्द्रह में प्रति लाख दो सौ सैंतीस से घटकर दो हजार तेईस में एक सौ पचानब्बे प्रति लाख हो गए हैं। ये वैश्विक कमी से दोगुनी से भी अधिक है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक

प्रश्नों का उत्तर देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों के कारण देश में टीबी उपचार का दायरा बत्तीस प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने टी बी के मामलों का पता लगाने के लिए तैंतीस राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के तीन सौ सैंतालीस प्राथमिकता वाले जिलों में सौ दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू किया है।

**<><><><><><>**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए आयुष्मान भारत स्कूल स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल प्रमुखों, स्वास्थ्य एम्बेसेडरों और स्वास्थ्य दूतों के लिए एक दिवसीय वकालत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षा निदेशालय के विज्ञान विंग के पी ई पी सेल द्वारा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को पढ़ने की आदत विकसित करने और स्कूल, क्षेत्रीय और मोबाइल लाइब्रेरी का भी उपयोग करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान एवं विम्बर्लीगंज क्षेत्र के स्वास्थ्य दूतों, प्रमुखों और स्वास्थ्य एम्बेसेडरों ने भाग लिया। मध्योत्तर अंडमान एवं निकोबार जिले के प्रतिभागियों ने भी ऑनलाइन मोड के माध्यम से इस कार्यक्रम में भाग लिया।

**<><><><><><>**

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तत्वावधान में फरारगंज स्थित खंड विकास कार्यालय की ओर से सी एम टी सी भवन में 'सामुदायिक विकास के लिए स्वयं सहायता समूहों और पंचायती राज संस्थाओं के बीच तालमेल बनाना' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए स्टीवर्टगंज ग्राम पंचायत प्रधान एम.के. हुसैन ने एस एच जी के गठन और विकास का अवलोकन प्रदान किया। उन्होंने निर्णय लेने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। छोलदारी की जिला परिषद सदस्य प्रमिला कुमारी ने प्रतिभागियों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होने और अपने समुदायों में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस सत्र में ग्रामीण विकास निदेशालय, पी आर आई और यू एल बी की डोमेन विशेषज्ञ दीपा बिस्वास ने अपने संबोधन में स्वयं सहायता समूहों और पंचायती राज संस्थाओं के बीच तालमेल के महत्व को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर छोलदारी की प्रधान तापोसी साहा ने एस एच जी सदस्यों के वास्तविक जीवन के अनुभव और सफलता की कहानियां साझा कीं।

<><><><><><><>

युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त स्क्वैव फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में राजस्थान में आयोजित पच्चीसवीं सीनियर नेशनल स्क्वैव चैंपियनशिप में आइलैंड्स स्क्वैव मार्शल आर्ट्स टीम ने तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेताओं में अनिम्स की छात्रा सानिया सुभाष, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के प्रवीण प्रकाश, नेवी चिल्ड्रन स्कूल के सनथ सुभाष और जे एन आर एम की छात्रा आर हेमलता शामिल हैं।

<><><><><><><>

स्कूल में शतरंज पहल के तहत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर कार्यक्रम का कल समापन हो गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को आवश्यक कौशल से सशक्त बनाना, प्राथमिक कक्षाओं में शतरंज की शुरुआत करना और इसे स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करना है। इस प्रतियोगिता में कैम्पबेल बे से लेकर डिगलीपुर तक द्वीपसमूह से कुल तीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शतरंज के पहलुओं को समझना, शिक्षा के साथ शतरंज का अकादमिक संबंध, प्राथमिक कक्षाओं में शतरंज को प्रभावी ढंग से पेश करने के लिए इक्कीसवीं सदी के कौशल और रणनीति जैसे आवश्यक विषयों को शामिल किया गया। कार्यक्रम का समापन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के साथ हुआ। इसमें ननकौड़ी स्थित चैम्पिन स्कूल के प्रवेश विजेता बने, जबकि राजकीय प्राथमिक विद्यालय, लोहा बैरक के राजेंद्रन को दूसरा और सबरी जंक्शन स्थित पीएम श्री स्कूल की टी. मौनिका को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह में मोहनपुरा स्कूल की प्रभारी प्रधानाचार्या पुष्पा देवी मिश्रा और खेल सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं और प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के यूटी मिशन प्राधिकरण द्वारा ब्लॉक रिसॉर्स पर्सन, कलस्टर रिसॉर्स पर्सन, अंशकालिक प्रशिक्षक, विशेष शिक्षक, आंतरिक लेखा परीक्षा अधिकारी, लेखाकार, एम आई एस समन्वयक, डेटा एन्ट्री ऑपरेटर, आई टी कार्मिक और एम टी एस की नियुक्ति के लिए कल शाम तीन बजे अंतिम वरीयता सूची ब्लॉक परियोजना कार्यालयों में जारी की जाएगी। शिक्षा सदन ने उम्मीदवारों से दावे और आपत्तियां चौबीस से छब्बीस मार्च तक संबंधित ब्लॉक परियोजना अधिकारी के पास जमा करने को कहा है।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे एम वी नालंदा के तेईस मार्च को सुबह सात बजे तक श्री विजयपुरम पहुंचने की संभावना है। इस जहाज में कुल एक सौ साठ से अधिक यात्री सवार है और इससे एक सौ दस से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

**<><><><><><><>**